नवम अध्याय

क- वैदिक प्राण-विद्या का परवर्ती साहित्य पर प्रभाव.

ख- हठयोग, लययोग (नादयोग)

ग- पश्चिमी देशो में प्राण-विद्या का प्रचार.

घ- पूर्व तथा पश्चिम में अध्यात्म केन्द्रों की स्थापना.

नवम अध्याय

क- वैदिक प्राणविद्या का परवर्ती साहित्य पर प्रभाव-

वेद में सभी विद्याओं के बीज विद्यमान हैं । उपनिषदों ने वेद के ज्ञानकांड को विस्तृत किया जो दर्शनों में प्रल्लवित और पुष्पित हुआ । ब्राह्मण ग्रन्थों ने वेद के कर्मकाण्ड को विस्तार दिया । वेदांगों में जहां शिक्षा के द्वारा वर्ण स्वर आदि का ज्ञान हुआ । निरुक्त में वैदिक शब्दों के निर्वचन द्वारा प्रबुद्ध ज्ञान-विज्ञान सम्मुख आया । छन्द ने गीत, लय का ज्ञान दिया, ज्योतिष ने ब्रह्माण्डीय गति, नक्षत्र और काल का ज्ञान दिया । व्याकरण द्वारा शब्दों की व्युत्पत्ति प्रकट हुई तो कल्पों ने कर्म कांड की प्रक्रिया को फैलाकर वैदिक यज्ञों का विस्तार किया । ज्ञान में वेदान्त को वेद का शिर स्थानीय माना जाता है । इन सबके साथ भक्ति भावना लगी रहती थी । साम में जो संगीत है वही संगीत भक्ति भावना में है । कुछ विद्वान भक्ति को कर्म काण्ड में ही स्थान देते हैं । भक्ति में वस्तुत: स्तुति रूपी ज्ञान है, प्रार्थना रूपी काम है तो उपासना दोनों के सम्मिलित रूप का परिणाम है । आगे चलकर भक्ति भावना ज्ञान और कर्म दोनों के ऊपर प्रतिष्ठित हुई । इस प्रकार वेद ने परवर्ती साहित्य को जन्म ही नहीं दिया इसे संवर्धित भी किया ।

वाल्मीकि की रामायण, महाभारत पुराण साहित्य और काव्य साहित्य वैदिक आदर्श की स्थापना करने वाले हैं । यह स्मरण रखने योग्य है कि परवर्ती सम्पूर्ण साहित्य वेद की दुहाई देता है । दर्शन तक वेद के प्रमाण सर्वोपरि मान्यता प्रदान करते हैं । जैन और बौद्ध वेद की प्रामाणिकता नहीं देते परन्तु उसके नीति पथ को शिरोधार्य करते हैं । आध्यात्म क्षेत्र में ऐसी कोई भी दिशा नहीं है जो वेद से पृथक् जाती है । अत: वेद को न मान कर भी जैन एवं बौद्ध मतों वाले वेद निर्धारित पथ से पृथक् नहीं हुए । आर्यत्व

सर्वत्र है,। वेद इसी आर्यत्व को विश्वभर में सम्प्रसारित करने के लिए आदेश देता है । महापण्डित कुमारिल भट्ट ने इन्हीं वेदों के लिए अपने जीवन का सर्वस्व निछावर कर दिया । चार्वाक सम्प्रदाय वाले काया को ही प्रमुख स्थान देते रहे और नीति को वे भी नहीं छोड़ सके । काया का संचालन, पालन एवं पोषण नीति के नियमों पर चले बिना असंभव है, अतः वेद विरोधी भी वेद के मूल पक्ष से छुटकारा न पा सके । यह है वेद की विजय जो परवर्ती सभी प्रकार के साहित्य में छाई हुई है ।

वैदिक प्राणविद्या भी इसी प्रकार परवर्ती साहित्यको प्रभावित करती रही । बौद्धों का वज्रयान जो आगे चलकर सहजयान में परिणत हुआ और जिसने नागनाथ को जन्म दिया, जो इसी प्राणविद्या का उपासक था । संभव है कि साधकों ने हठयोग में जो प्रगति की वह तिब्बत से ली गई हो पर तिब्बत भी त्रिविष्टप के रूप में वेद वर्णित साधन का केन्द्र है । हठयोग जिसे ब्रजरोली का नाम लेते हैं वह वज्रयान से सम्बद्ध होकर भी प्राणविद्या का ही एक रूप है ।

हठयोग में जिस काया कल्प का उल्लेख हुआ है वह भी योग दर्शन का ही एक अंग है । योगदर्शन कहता है -" रूपलावण्यवज्रसंहारत्वात् कायासंकल्प" यह सूत्र हठयोगियों को सिद्धि से दूर नहीं है । वज्र जैसी शक्ति शरीर सम्पादित करना । यही तो हठयोगियों का आदर्श रहा । इसी प्रकार दिव्य शब्दों में को सुनना, आकाश में उड़ना, शरीर से अग्नि पैदा कर देना, आदि सभी बातें महर्षि पतंजलि के योगदर्शन में वर्णित हुई है । यह योगदर्शन वेद पर आधारित है अतः परवर्ती काल में आसान, प्राणायाम, धारणा, ध्यान आदि का जो विकास हुआ उस सबका मूल वेद है ।

ख- हठयोग-लययोग-नादयोग[1]

हठयोग एक शक्तिशाली पर कठिन और कष्टप्रद प्रणाली है । इसकी क्रिया सारा सिद्धान्त इस तथ्यपर आधारित है कि शरीर और आत्मा का

1-हठयोग

घनिष्ठ संबन्ध है । हठयोग अपने ही ढंग से ज्ञान प्राप्त करने की एक प्रणाली है, पर यही वास्तविक ज्ञानयोग आध्यात्मिक साधना के रूप में क्रियान्वित किया गया सत्ता का तत्वज्ञान है अर्थात् एक मनोवैज्ञानिक प्रणाली है, वहाँ हठयोग सत्ता का विज्ञान है है अर्थात् एक मनोभौतिक प्रणाली है ।

योगमात्र अपनी प्रणाली में साधना में तीन मूल तत्वों द्वारा अग्रसर होता है, उनमें से पहला है शुद्धि अर्थात् हमारे भौतिक नैतिक और मानसिक संस्थान में सत्ता की शक्ति को मिश्रित और अनियंत्रित क्रिया से जो भी गड़बड़ियाँ और बाधायें उत्पन्न होती है, उन सबको दूर करना । दूसरा है एकाग्रता अर्थात् एक निर्धारित लक्ष्य के लिए सत्ता की उस शक्ति को अपने अन्दर पूर्ण उत्कर्ष तक ले जाना, तीसरा है मुक्तता अर्थात् मिथ्या और सीमित लीला में व्यष्टि भावना-पन्न शक्ति की जो संकीर्ण ग्रन्थियाँ आज हमारी प्रकृति के रूप में कार्य करती हैं, उनसे अपनी सत्ता को मुक्त करना । हमारी यह मुक्त सत्ता हमें परमदेव के साथ एकत्व या मिलन प्राप्त कराती है । ये तीन अनिवार्य सोपान हैं और इसी प्रकार तीन उच्च उन्मुक्त और असीम स्तर भी हैं, जिनकी ओर ये सोपान आरोहण करते हैं, और हठयोग अपनी समस्त साधना में इन्हें दृष्टि में रखता है ।

हठयोग की भौतिक साधना में मुख्य दो अंग हैं- आसन और प्राणायाम । अन्य सब अंग तो उनके सहायक मात्र हैं । आसन का अभिप्राय है शरीर को निश्चलता की कुछ स्थितियों का अभ्यासी बनाना और प्राणयाम का अभिप्राय है श्वास-प्रश्वास के व्यायामों द्वारा शरीर में प्राण शक्ति की धाराओं का नियमित संचालन तथा नियंत्रण करना । स्थूल आधार हमारा यन्त्र है पर स्थूल आधार दो तत्वों अर्थात् भौतिक और प्राणिक तत्वों अर्थात् शरीर और जीवन शक्ति से बना है इनमें से शरीर प्रत्यक्ष यन्त्र और आधार है जीवन शक्ति । अर्थात् प्राण बल और वास्तविक यन्त्र है । ये दोनों ही यन्त्र आज हमारे स्वामी हैं । हम शरीर के मनोमय प्राणी हैं तथापि अत्यन्त परिमित अंश में ही हम इनके स्वामी होने की वृत्ति को धारण कर सकते हैं । हम एक तुच्छ एवं सीमित

भौतिक प्रकृति से बंधे हुए हैं और परिणामस्वरूप, एक तुच्छ और सीमित प्राण शक्ति से भी बंधे हुए हैं। हमारा शरीर बस इसी प्राण शक्ति को धारण करने में समर्थ है अथवा इसी को कार्यक्षेत्र प्रदान कर सकता है।

हठयोग की आसन प्रणाली के मूल में दो गंभीर विचार निहित हैं ~~जिनमें~~ जिनसे अनेक प्रभावपूर्ण फलितार्थ निकलते हैं। पहला है शरीर की निश्चलता के द्वारा आत्मनियंत्रण का विचार। शारीरिक निश्चलता की शक्ति हठयोग में उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी ज्ञानयोग में मानसिक निश्चलता की शक्ति और इन दोनों के महत्व के कारण भी एक से ही है। हमारी सत्ता और प्रकृति के गंभीरतर सत्यों के प्रति अनभ्यस्त मन को ये दोनों ऐसी प्रतीति होंगी मानों ये जड़ता की उदासीन निष्क्रियता को खोज कर रही है पर सत्य इसके ठीक विपरीत है, क्योंकि यौगिक निष्क्रियता वह चाहे मन की हो या शरीर की शक्ति को बढ़ाने और संयमित करने की शर्त है। हमारे मनों की सामान्य क्रिया अधिकांश में एक प्रकार की अव्यवस्थित चंचलता है। इस क्रिया में शक्ति का क्षय होता है। शक्ति के इस व्यय- अपव्यय में केवल थोड़ा सा ही अंश-एक आत्मप्रभुत्वपूर्ण संकल्प के क्रिया व्यापार के लिए चुना जाता है, यहाँ यह समझ लेना होगा कि शक्ति का यह व्यय इस दृष्टि बिन्दु से ही अपव्यय को संचालित करना और इसकी क्रियाओं पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करना है जिसे देहस्थित आत्मा का मन और संकल्प न तो देह या प्राण के अधीन रहे और न इन दोनों की संकीर्णताओं के। प्राण के इन व्यायामों में स्नायुमण्डल की शुद्ध स्थिति को लाने की जो शक्ति है वह हमारे शरीर क्रिया विज्ञान का प्रसिद्ध और संप्रतिष्ठित तथ्य है। प्राणायाम की शक्ति देह-संस्थान को स्वच्छ करने में भी सहायता पहुँचाती है। परन्तु आरंभ में यह उसके सब मार्गों और प्रणालिकाओं को शुद्ध करने में पूर्ण रूप से प्रभावशाली सिद्ध नहीं होती, अतः हठयोगी उसमें जमा हुई सब प्रकार की मलिनताओं को नियमपूर्वक स्वच्छ करने के लिए परिपूरक के रूप में स्थूल विधियों का भी उपयोग करता है। आसन और प्राणायाम के साथ मिलकर।

ये विधियाँ विशेष प्रकार के आसनों के परिणामस्वरूप विशेष प्रकार की व्याधियाँ भी मिट जाती हैं। शरीर के स्वास्थ्य को पूर्ण रखती हैं परन्तु मुख्य लाभ यह होता है कि इस शुद्धता के कारण प्राण शक्ति को कहीं भी शरीर के किसी भी भाग में और किसी भी प्रकार से परिचालित किया जाता है।

फेफड़ो में केवल साँस भरने और उनसे बाहर हवा निकालने की क्रिया तो हमारे देह संस्थान में प्राण या जीवन श्वास की एक ऐसी अत्यन्त गोचर एवं बाह्य गति मात्र है जो हमारी पकड़ में आ सकती है। योग विद्या के अनुसार प्राण की गति पाँच प्रकार की है जो सम्पूर्ण स्नायु मण्डल तथा इसकी सब क्रियाओं का निर्धारण करती है। हठयोगी श्वास प्रश्वास की बाह्य क्रिया को एक प्रकार की कुंजी मानकर अपने अधिकार में लाता है। यह कुंजी उसके लिए प्राण की इन पाँचो शक्तियों के नियंत्रण का द्वार खोल देती है। वह इनकी आन्तरिक क्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप में जान लेता है अपने सारे शारीरिक जीवन और कार्य से मानसिक रूप में सचेतन हो जाता है, वह अपने देहसंस्थान की सभी नाड़ियो या स्नायु प्रणालियो में से से प्राण का संचालन करने की सामर्थ्य प्राप्त कर लेता है। वह छः चक्रों में अर्थात स्नायुमण्डल के छः स्नायु ग्रंथिमय केन्द्रो में होने वाली प्राणों की क्रिया को जान लेता है और इसमें से प्रत्येक में वह इसे इसकी वर्तमान सीमिति अभ्यस्त और यान्त्रिक क्रियाओ से परे उन्मुक्त कर देने में समर्थ होता है। संक्षेप में वह शरीरगत प्राण के अत्यन्त सूक्ष्म स्नायविक तथा स्थूल रूप को प्राप्त कर लेता है, यहाँ तक कि इसको संचारित करना और इसकी क्रियाओं पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करना जिससे कि देहस्थित आत्मा का मन और संकल्प न तो देह या प्राण के अधीन रहे और न इन दोनों की सम्मिलित संकीर्णताओ के। प्राण के इन व्यायामों में स्नायुमण्डल की शुद्ध और अव्याहतस्थिति को लाने की जो शक्ति है वह हमारे शरीर क्रिया और विज्ञान का प्रसिद्ध और सुप्रतिष्ठित तथ्य है। प्राणायाम की शक्ति देह संस्थान को स्वच्छ करने में भी सहायता पहुँचाती है परन्तु आरम्भ में यह उसके सब भागों और प्रणालिकाओं को शुद्ध करने में पूर्ण रूप से प्रभावशाली सिद्ध नहीं होती

अतएव हठयोगी उनमें जमा हुई सब प्रकार की मलिनताओं को नियमपूर्वक साफ करने के लिए परिपूरक के रूप में स्थूल विधियों का भी प्रयोग करता है । आसन और प्राणायाम के साथ मिलकर ये विधियां विशेष प्रकार के आसनो के परिणामस्वरूप विशेष प्रकार की व्याधियां भी मिट जाती है । शरीर के स्वास्थ्य को पूर्ण सकती है परन्तु मुख्य लाभ यह होता है किशुद्धता के कारण प्राण शक्ति को कहीं भीशरीर के किसी भी भाग में और किसी भी प्रकार से या उसकी अपनी गति के किसी भी प्रकारके लयताल के साथ परिचालित किया जाता है ।

फेफड़ों में केवल सांस भरने और उनसे बाहर निकालने की क्रिया तो हमारे देह संस्थान में प्राण या जीवन श्वास की एक अत्यन्त गोचर एवं बाह्य गति है। योगविद्या के अनुसार प्राण की गति पांच प्रकार की है जो सम्पूर्ण स्नायुमण्डल तथा सारे भौतिक शरीर में व्याप्त है तथा इसकी सब क्रियाओं का निर्धारण करती है। हठयोगी श्वास की बाह्य क्रिया को एक प्रकार की कुंजी मानकर अपने अधिकार में आता है । यह कुंजी उसके लिए प्राण की इन पांचों शक्तियों के नियंत्रण की मार्ग खोज कर देती है । वह इनकी आन्तरिक क्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप में जान लेता है अपने सारे शारीरिक जीवन और कार्य से मानसिक रूप में सचेतन हो जाता है । वह अपने देहसंस्थान की सभी नाड़ियों या स्नायु प्रणालिकाओं में से प्राण का संचालन करने की सामर्थ्य प्राप्त कर लेता है, वह छः चक्रों में अर्थात् स्नायुमण्डल के छः स्नायुग्रंथिमय केन्द्रो में होनेवाली प्राण की क्रिया को जान लेता है, वह शरीरगत प्राण के अत्यन्त सूक्ष्म स्नायविक तथा स्थूलमय भौतिक रूपों पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त कर लेता है, यहां तक कि इसके अन्दर के उस तत्त्व को भी अपने नियंत्रण में ले जाता है जो इस समय हमारी इच्छा के अधीन नहीं है तथा हमारे दृष्टि स्वरूप चैतन्य और संकल्प की पहुंच के बाहर है ।[1]

इस प्रकार शरीर और प्राण दोनो की क्रियाओं की शुद्धि के आधार हमें इन दोनो पर पूर्ण प्रभुत्व प्राप्त हो जाता है तथा हम इनका स्वतंत्र और

1- श्री अरविन्द साहित्य-खण्ड 3, योग समन्वय-पूर्वार्द्ध

प्रभाव पूर्ण उपयोग ही हठयोग के उच्चतर लक्ष्यों के लिए कार्य करते हैं ।

2- लययोग (नादयोग)

लय योग का मुख्य विषय नाद अनुसंधान है । इस नाद साधना का वर्णन मुख्यतया हठयोग हंसयोग मन्त्र योग तथा सहज योग आदि में मिलता है । लय योग का सिद्धान्त अत्रिरा, बृहस्पति अष्टावक्र, याज्ञवल्क्य, कपिल पतंजलि और कश्यप आदि महर्षियो की कृपा से इस जगत् में प्रकट हुआ । इस सिद्धान्त के अनुसार ब्रह्माण्ड का ज्ञान प्राप्त करना पिंड के ज्ञान द्वारा हो सकता है क्योंकि पिण्ड और ब्रह्माण्ड दोनोही प्रकृति और पुरुष से उत्पन्न हुए हैं । इस लय योग के अनुसार प्रकृति को पुरुष में लय करना ही लयोग है । प्रकृति शक्ति मूलाधार में प्रसुप्त है और पुरुष सहस्रार में है । योग साधना से कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करके उसको सहस्रार में पहुँचना और पुरुष में लीन करना लय योग का उद्देश्य है । अथवा अनाहत नाद में मन को लय करना लयोग है ।

लययोग में हठयोग की तरह अनेक शारीरिक साधनायें और प्राणायाम आदि नहीं करने पड़ते यह मार्ग सबसे सुगम, प्रत्यक्ष और शीघ्र सिद्धि प्रदायक है । अनाहत नाद प्रकट होने पर चंचल मन उस नाद में लय हो जाता है और आत्मरूपी ज्योति परमात्म-ज्योति में लीन हो जाती है ।[1]

लययोग की क्रियाओं द्वारा ध्यान सिद्धि समाधि सिद्धि और आत्म साक्षात्कार होता है । लय योग का योगी साधना द्वारा अन्तर्जगत में एक एक अलौकिक विन्दु का दर्शन करता है । उसी विन्दुओ को स्थिर रखकर उसी में परमात्म का ध्यान करने को विन्दु साधना कहते हैं ।

लययोग की यही विशेषता है कि लययोगी सारे ब्रह्माण्ड को अपने शरीर में देख सकता है, क्योंकि लययोग के सिद्धान्त के अनुसार समष्टि रूपी

1- हठयोग प्रदीपिका- 4/32

ब्रह्म व्यष्टि रूपी मनुष्य शरीर का नमूना या प्रतिरूप है। लययोग की साधना से प्राचीन कालों के ऋषि मुनि इस मृत्युलोक में बैठकर सारे ब्रह्माण्ड का पता लगा सकते थे।

अनाहत नाद श्रवण के द्वारा मन का नाद में लय हो जाता है तभी तो कहा है -" यस्य चित्त निजध्येय मनसा मरुता सह, लीनं भवति नादे वा लय योगो स एवहि।" अर्थात् चित्त को अपने ध्येय में अथवा वायु सहित मन को अभिव्यक्त नाद में लय करना लययोग है। हठयोग प्रदीपिकानुसार-

"मनो विलयजातो कैवल्यम विशिष्टच्यते।"

अर्थात् मन लय होने पर मनुष्य एक मात्र कैवल्य अवस्था की प्राप्ति करता है।

ऐतरेय उपनिषद्[1] तथा तैत्तिरीय उपनिषद[2] तथा मुदगल उपनिषद[3] के अनुसार भगवान ने सृष्टि रचना की और प्रजा उत्पन्न करने की कामना से वह एक होते हुए भी बहुत रूपों में प्रकट हुए। प्रश्नोपनिषद[4] में लिखा है कि प्रजापति ने उत्पन्न करने की कामना से तप द्वारा रयि और प्राण उत्पन्न किये। संसार में मूर्त मात्र को रयि समझना चाहिए। सूर्य ही प्राण है और चन्द्रमा ही रयि है। विश्व में मूर्त और अमूर्त जो कुछ भी है वह सब रयि और प्राण ही है।

1- ऐतरेय उपनिषद 1/1/3

2- तैत्तिरीय उपनिषद, ब्रह्मानन्द वल्ली, अनुवाद 6

3- मुदगल उपनिषद, 3/1

4- प्रश्नोपनिषद, 1/4/5

मैत्रायण्युपनिषद 5/3 में भी ब्रह्म के मूर्त और अमूर्त दो रूपों का वर्णन है यहाँ अमूर्त को सत्य और मूर्त को असत्य कहा गया है। भगवान् का संकल्प अथवा कामना सूक्ष्म शब्द अथवा नाद ही है। नाद सच्चिदानन्द घन ज्योति स्वरूप ओंकार की तृतीय मात्रा मकार है अर्थात मकार नादमय है। यह नाद प्रजापति ब्र के हृदयाकाश में आविर्भूत होता है और उसी नाद से त्रिनाद अर्थात अ, उ, म, की ध्वनियाँ आविर्भूत होती हैं। उपरोक्त वर्णन से यह सिद्ध होता है कि ब्रह्म के संकल्प या इच्छा के होते ही विश्व उत्पन्न हुआ। जगत् की क्रिया ही ब्रह्म का संकल्प है जहाँ क्रिया है वहाँ गति है और गति से ही जगत की उत्पत्ति होती है। जगत् उसी को कहते हैं जो गतिमान् है क्योंकि बिना संकल्प या इच्छा के शब्द स्पन्दन अर्थात् गति हो नहीं सकती इसीलिए यह स्पष्ट है कि शब्द उत्पन्न होने से ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई इसी को प्रणव स्पन्दन भी कहते हैं। इसीलिए यह जगत संकल्प ब्र से भिन्न नहीं अर्थात यह जगत ब्रह्म सत्ता का रूपान्तर ही है। इस जगत् को शब्दात्मक भी कहते हैं, क्योंकि जगत् की प्रथम अभिव्यक्ति शब्द है।

आदिसृष्टि के समय ब्रह्म की चैतन्य शक्ति स्पन्दित होने लगी उसमें जो शब्द हुआ वही शब्द ओंकार या अपरप्रणव है। श्रुतियों में अपरप्रणव को ही प्राण कहा है। वही आदि महाप्राण अव्यक्त अवस्था से व्यक्त अवस्था में आया। जो महाप्राण स्थूल अवस्था में था वह व्यापक रूप में ओंकार में परिणत हुआ तथा वही प्राण क्रमशः वायु तेज आदि ओंकारों में परिणत होने लगा वह तेज पुनः घन जल और जल ही पृथ्वी रूप गया। इन तत्वों का सूक्ष्म कारण अंश तो तन्मात्रा रूप में वैसे ही विद्यमान रहा। परन्तु स्थूल अंश कार्यरूप में स्थूलतर स्थूलतम तत्वों में बदलता गया। सारांश यह है कि प्रत्येक भौतिक पदार्थ के अन्दर आकाश नाद, स्पन्दन तथा ज्योति विद्यमान है भौतिक रूप में जो भी दृष्टिगोचर है इसको नाद रूप से प्रणव स्पन्दन ही धारण करता है।

यही प्रणव स्पन्दन अथवा स्पन्दन ज्ञान इन्द्रियों में अवस्थान करके दर्शन श्रवण आदि कार्य करता है। यही प्राण स्पन्दन रूपिणी शक्ति है जोआधि-भौतिक आधिदैविक जगत् के रूप में परिणत हो रही है। यही प्रणव या नाद स्पन्दन सूर्य चन्द्र, अग्नि, विद्युत आदि के रूप में जगत् का पालन -पोषण करता है। एक प्रकार से प्रणव नाद ही जगत् के रूप में क्रीड़ा कर रहा है। यह अपर प्रणव यानाद स्पन्दन वास्तव में पर प्रणव का एक व्यक्त स्वरूप है जिस प्रकार जल ही मेघ, ओले हिम आदि रूपों में बदल जाता है उसी प्रकार ओंकार नाद, स्थूल अथवा घनीभूत होकर जगत् रूप से क्रीड़ा कर रहा है। जब तक नाद है तब तक ही संसार है। प्रणव का स्पन्दन स्थिर हो जाने पर जगत् का चिह्न मात्र भी नहीं रहता।

योग दर्शन के अनुसार= ब्रह्म का वाचक प्रणव (ओंकार) है तस्य वाचकः प्रणवः[1]। इसको दीर्घ प्रणव और इसी को त्रिनाद भी कहते हैं। ओंकार की अ, उ, म, ध्वनियाँ ही त्रिनाद हैं। अकार ध्वनि ब्रह्मा की उ कार ध्वनि विष्णु की तथा मकार ही ध्वनि शिव की वाचक ध्वनियाँ हैं।

ओंकारस्तु प्लुतो ज्ञेयस्त्रिनाद इति संज्ञितः।

शिव पुराण ज्ञान संहिता के अनुसार दीर्घ प्रणव ही योगियों के हृदय में विराजमान है। भगवद्गीता में ही कृष्ण कहते हैं कि "वेदों में ~~प्रणव~~ प्रणव मैं हूँ" तथा भगवान् कृष्ण गीता में ही कहते हैं कि " सर्वअक्षरों में अ-कार मैं हूँ।"

ज्ञान-संकलिनी तन्त्र में लिखा है कि " यह निश्चित है कि ओंकार ही अक्षर ब्रह्म है। ओम् ध्वनि अविनाशी है तथा ओम ब्रह्म का वाचक है।[2]

1-योग दर्शन- 1/26

2-भगवद्गीता अध्याय 10 श्लोक 13

प्रश्नोपनिषद के अनुसार यह ओंकार ही परब्रह्म है और यही अपरब्रह्म भी है तथा दीर्घ प्रणव अथवा ओंकार की साधना से मनुष्य उस अजर/अमर श्रेष्ठ परमात्मा को प्राप्त करता है ।[1] भगवदगीता में इस शब्द (प्रणव) को शब्द ब्रह्म कहा है । मन पर विजय प्राप्त करने के लिए दीर्घ प्रणव साधना करनी चाहिए। इसका उपदेश पंचदशी में इस प्रकार मिलता है ।

"दीर्घप्रणव मुच्चार्य मनोराज्य विजीयते ।"[2]

दीर्घ प्रणव अर्थात अनाहत नाद उसे सूक्ष्म शब्द अथवा ध्वनि को कहते हैं जो कण्ठ, जिह्वा, ओष्ठ, और तालु आदि के आघात प्रतिघात के बिना स्वतः ही उत्पन्न होती है । इस अनाहत ध्वनि में जबमन तन्मय हो जाता है तब उसमें ज्योति का दर्शन होता है और उस ज्योति के अन्तर्गत मन है । जब मन ज्योति में अथवा नाद में लय होता है अर्थात मन शब्द में लय होता है उसके पश्चात शब्द मन के सहित ज्योति में लीन हो जाता है । मन की लय अवस्था ही समाधि कही जाती है हठयोग में भी कहा गया है-

नादे प्रवर्तित चित्त नादेन सह लीयते ।"[3]

अर्थात नाद आश्रयी मन अन्त में नाद में लीन हो जाता है । योग दर्शन में कैवल्य समाधि को श्रेष्ठ कहा गया है परन्तु योग तारावली श्लोक 2 के अनुसार आचार्य शंकर का मत है कि नादानुसंधान जनित समाधि ही सर्व श्रेष्ठ लय योग है ।

1-प्रश्नोपनिषद 5/2, 5/6

2- पंचदशीतन्त्र 6/63

3- हठयोगप्रदीपिका 4/28

बिना आघात के उत्पन्न और ध्यान में सुनाई देने वाला जो अनाहत शब्द है उस अनाहत शब्द का शेष (अन्तिम) जो सूक्ष्म भाग है वही प्रणव है। इसी प्रणव ध्वनि में मन को लय करने की सामर्थ्य आ जाने पर मनुष्य निःसन्देह ब्रह्म को प्राप्त करता है।

ब्रह्म विद्या उपनिषद में कहा गया है कि प्रणव शब्द जहाँ लय को प्राप्त होता है वही परब्रह्म है।[1]

गुरु गीता में भगवान शंकर ने पार्वती से कहा है कि अभ्यास करते करते क्रमशः मन सर्वप्रथम शब्द में लय होता है और उसके उपरान्त शब्द का भी लय हो जाता है तब शब्द में जिस भाव अथवा अवस्था का जन्म होता है उसी का नाम ब्रह्म है।[2] इसी बात को उत्तर गीता में इस प्रकार लिखा है –

निष्कलं हि विजानीयात् श्वासोय लयंगतः।[3]

अर्थात जिस स्थान में श्वास का लय होता है उस स्थान में माया रहित निष्कल ब्रह्म की अनुभूति होती है। ब्रह्म विन्दु (अमृत विन्दु) उपनिषद में लिखा है कि स्वरहीन मकार ध्वनि के सुनने से ब्रह्म की प्राप्ति होती है।

ज्ञानसंकलिनी तन्त्र में लिखा है कि ओंकार (प्रणव ध्वनि) एक अक्षर ब्रह्म है।[4] इस ओंकार का म-कार स्वर्ग लोक है और इसका वर्ण श्वेत है अर्थात प्रणव ध्वनि अविनाशी है और श्वेत ज्योति के दर्शन होते ही और उस ज्योति

1- ब्रह्मविद्या उपनिषद, 12/23

2- गुरुगीता-70

3- उत्तरगीता 1/10

4- ज्ञानसंकलिनी तन्त्र 104/5

**

में मन लय को प्राप्त होकर ब्रह्म अनुभूति करता है । जिस प्रकार "ओम" की "म" ध्वनि को शब्द ब्रह्म माना गया है उसी प्रकार ओंकार की "उ" ध्वनि को विष्णु ध्वनि कहा गया है ।

विष्णु भगवान् देव उ-कार: परिकीर्तित: ।[1]

अर्थात उ-कार ध्वनि ही विष्णु है । छान्दोग्योपनिषद में भी लिखा है कि ओंकार का दूसरा नाम "उ" स्वर है ।[2]

इसी प्रकार योग की परिभाषा में स्वर का अनुसंधान ही योग कहा गया है । अथर्व शिर उपनिषद में कहा गया है कि प्रणव उच्चारण करने मात्र से प्राण स्वाभाविक ऊपर की ओर (सुषुम्ना पथ में) गमन करता है इसी कारण से प्रणव का दूसरा नाम ओंकार है । प्राण आदि पांच वायु इस ओंकार ध्वनि में लीन हो जाती हैं । इसलिए इसका दूसरा नाम प्रलय भी है । यह ओंकार ही प्राण आदि को परमात्मा के अभिमुख ले जाता है, इसलिए इसका नाम प्रणव भी है ।

अमृतनाद उपनिषद में नाद श्रवण विधि का उल्लेख इस प्रकार हुआ है- नाक के दोनो छिद्रों को बन्द कर वायु को रोकना चाहिए । कुम्भक क्रिया और एकाक्षर ब्रह्म स्वरूप तेजोमय - एक प्रणव का चिन्तन करना चाहिए, अर्थात प्रणव नाद को सुनना चाहिए इस प्रकार प्रणव रूप दिव्य मन्त्र का उच्चारण करने से चित्त स्वच्छ हो जाता है । यह प्रणव नाद अविनाशी है । योगचूड़ामणि उपनिषद में तो शंकराचार्य ने प्रणव नाद की महिमा का वर्णन करते हुए कहा

1-ब्रह्मविद्या उपनिषद, 6

2- छान्दोग्योपनिषद 1/4/4

3-अमृतनाद उपनिषद 19/20, 24

है कि प्रणव नाद ही सर्वश्रेष्ठ योग साधना है क्योंकि प्रणव ही ब्रह्मा, विष्णु और शंकर की उत्पत्ति हुई है ।[1]

सौभाग्य लक्ष्मी उपनिषद में लिखा है कि योग अभ्यास की एक विधि ऐसी है जिसमें नाक, मुख, नेत्र और नासिकाओं को बन्द किया जाता है इससे सुषुम्ना नाड़ी में प्रणव के विशुद्ध अनाहत नाद स्पष्ट सुनाई पड़ता है ।[2] अनाहत चक्र में ध्वनि को सुनने पर नाना प्रकार के विचित्र शब्द सुनाई पड़ते हैं । इससाधना द्वारा साधक तेजस्वी हो जाता है और दिव्य देह को प्राप्त करता है । शून्य में अर्थात सुषुम्ना नाड़ी में पूरे मनोयोग के साथ ध्वनि सुनते रहने से मूलाधार चक्र में दीप के आकार की जीवन ज्योति सुषुम्ना से संयुक्त होकर संगति करती है प्राण वायू जब हृदय आदि चक्रों में सुषम्ना नाड़ी से संघर्ष को प्राप्त होती है तब एक ध्वनि सुनाई पड़ती है इसके पश्चात मणि पूरक चक्र को भेद कर ऊपर चलने से प्राण वायु से मृदंग जैसी ध्वनि सुनाई देती है और साधना की समाप्ति में वैषण शब्द प्रणव शब्दायमान होता है । भगवान् स्वयं शब्द रूप में प्रकट होते हैं उस प्रणव ध्वनि में चित्त लीन हो जाता है ।

प्राण ही हंस नाम से कहा गया है । इस प्राण रूपी हंस का यह स्वतः स्वभाव है कि यह ऊपर से नीचे संचरण करता है । यह प्राण "ह" ध्वनि से बाहर नकिलता है और "स" ध्वनि से अन्दर निकलता है और इसी प्राण को नादात्मक हंस कहते हैं । प्राण के त्याग और ग्रहण क्रिया को हंस का नित्योच्चारण कहते हैं । इसी नित्य उच्चारण को अजपा भी कहते हैं । एक दिन और रात में श्वास निःश्वास क्रिया द्वारा स्वतः 21600 जप होता है ।

1-योगचूड़ामणि उपनिषद, 77

2- सौभाग्यलक्ष्मी, उपनिषिद खण्ड 2, मंत्र 46

इस शरीर में जीवात्मा आकर्षण रूप "ह" और "स" शब्दात्मक क्रिया का आश्रय लेकर अवस्थान करता है । प्राण तो वाणी तंत्र में लिखा है कि जब नि:श्वास स्वाभाविक रूप से ऊर्ध्वगमन करता है तो "हम्" ध्वनि होती है और बहिर्गमन काल में जो शब्द होता है वह "स" ध्वनि करता है इसलिए इसे हंस भी कहते हैं ।

हंसोनदिलीनी भवति ।"[1]

अर्थात हंस मंत्र अर्थात अजपा मंत्र प्रणव ध्वनि में लय हो जाता है । योगचूड़ामणि उपनिषद में कहा गया है-

सकारेणबहिर्याति हकारेण विशेत्पुन: ।
हंसत्यम मंत्र जीवो जपति सर्वदा ।।[2]

अर्थात श्वास और प्रश्वास के योग से जो "स" और "हम्" के शब्द नासिका द्वारा बाहर जाते और अन्दर प्रवेश करते हैं उनका नाम हंस मंत्र है -

प्राणतोषिणी तन्त्र में भी कहा गया है-

उच्छवासे चैव नि:श्वासे हंस इत्याधरद्वयम् ।"[3]

। यदि ध्यान से सुना जाये तो । जब नि:श्वास स्वाभाविक भाव से ऊर्ध्वगमन करता है उस क्षण में "ह" ध्वनि होती है और बहिर्गमन काल में "स" ध्वनि होती है । इसी प्रकार गन्धर्व तन्त्र पटल=30 में लिखा है कि शरीर में संकोच एवं विकासात्मक क्रिया स्वत: दिन रात चलती रहती है । जिस प्रक्रिया के आधार पर यह श्वास एवं नि:श्वास क्रिया वर्तमान है, उसके संकोच अर्थात् आकर्षणात्मक क्रिया के साथ "ह" एवं विकास और विकर्षणात्मक क्रिया के साथ "स:" शब्द की ध्वनि होती है ।

1- गरुड़ पुराण पूर्व 19/12
2- हंस उपनिषद 8
3- योगचूड़ामणि उपनिषद 2/25
4- प्राणतोषिणी तन्त्र

ब्रह्मसूत्र में कहा गया है कि हंस परमात्मास्वरूप है तथा हंस ही प्रणव के अन्तर्गत अर्थात हंस का लय प्रणव नाद में होता है । प्रणव और हंस के संबंध में रूद्रयामल तंत्र 26/8। में लिखा है कि प्रणव से ही हंस की उत्पत्ति होती है । एवं विपरीत क्रम से उसी प्रणव ।सोहं। मंत्र स्थापित होता है । यही सो हं श्रेष्ठ ज्ञान है । तन्त्रसार 2/26, प्रपंचसार 4/2।तथा रूद्रयामल तंत्र 26/296 के आधार पर इसी तत्व का निर्देश मिलता है कि हंस मंत्र का अभ्यास करते करते जब "ह" और "सः" दोनों का योग हो जाता है तब जो शब्द बचता है, वही प्रणव ध्वनि है । रूद्रयामल तन्त्र 26/100 के अनुसार हंस मंत्र को ही सूर्य कहा गया है और सोहं मंत्र को चन्द्र । योगी लोग हंस मन्त्र से सूर्यमण्डल अर्थात् आज्ञाचक्र का ध्यान तथा अभ्यास द्वारा भेदन करकेसहस्त्रार चक्र में प्रवेश करते हैं । हंस मंत्र और प्रणव ध्वनि की अभिन्नता का वर्णन करते हुए पाशुपत ब्राह्मण उपनिषद में कहा गया है-

अन्तः प्रणवनादाख्यो हंसप्रत्ययबोधकः ।[1]

अर्थात् हंस मंत्र ही अन्तः प्रणव ध्वनि है, यही ज्ञान को जन्म देता है, अर्थात् हंस योग का अभ्यास करतेकरते अन्त में प्रणव नाद सुनाई पड़ता है और आत्मज्ञान का उदय होता है और आत्मतत्व की प्राप्ति होती है ।

नारद परिव्राजक उपनिषद में इसीलिए कहा गया है कि श्वास और निःश्वास द्वारा "हंस" और सोहं" मंत्र का अभ्यास करना ही चाहिए अर्थात् नादानुसंधान करते करते मन को अनाहत नाद में लय कर देना चाहिए तभी आत्म तत्व की प्राप्ति होती है ।[2]

1- पाशुपत ब्राह्मण उपनिषद- 3

2- नारद परिव्राजक उपनिषद 6/4

ग- पश्चिमी पाश्चात्य देशों में प्राण विद्या का प्रचार

प्राण विद्या का प्रचार हमारे देश में ही नहीं वरन् पश्चिमी प्रदेशों में भी बहुत से विद्वानों ने अपने प्राण विद्या से संबंधित विचार प्रस्तुत करके प्राण विद्या का प्रचार किया है।

प्राण तत्ववाद अपने परिष्कृत रूप में यह सिद्धान्त है कि जीवन "प्राणनियम" नामक अभौतिक बल या सत्ता का परिणाम है, यह सिद्धान्त अरस्तु के विचारों से मिलता है जिसने आत्मा को "प्राण नियम" या जीवन का स्रोत और उद्गम माना है। पेड़ पौधों में कायिक आत्मा, पशुओं में कायिक संवेदनात्मक आत्मा होती है जबकि मनुष्य की आत्मा कायिक, संवेदनात्मक और विकासात्मक होती है। अरस्तु के पश्चात मध्यकालीन युग में सामान्यतः यह विश्वास किया जाता था कि जड़त्व से नितान्त भिन्न जीवन का कोई मनोविज्ञान या आध्यात्मिक नियम है।

किन्तु देकार्त का मत है कि पौधे और पशु विशुद्ध सरल मशीनें हैं, जो भौतिक शक्तियों से प्रभावित होती है।[1] मनुष्य का शरीर इस नियम का अपवाद नहीं है किन्तु मनुष्य के मामले में आध्यात्मिक आत्मा होती है। जो शरीर परकार्य करती है। देकार्त के पश्चात् यान्त्रिकता के इस नियम का विस्तार करना सरल था और वैज्ञानिक क्षेत्रों के कई मामलों में पौधों या पशु विज्ञानों में निहित "प्राणनियम" की धारणा करने की प्रथा हो गयी है। वैज्ञानिक क्षेत्रों में भी यंत्रवादी अभिवृत्ति की परम्परा बन गई है।

1- The unity of Organism, Chapter XXI Page-198.

वैज्ञानिक क्षेत्रों में हाल में हुए "प्राण तत्ववाद" का पुनरुज्जीवन होना महत्त्वपूर्ण है । इस "नव्य प्राणतत्त्ववाद के एक जर्मन जीव विज्ञानवाद हान्सड्रीश" हैं ।[1] ड्रीश जिनके निष्कर्ष प्रयोगात्मक कथनों पर आधारित हैं । उनका कहना है कि किसी एक भौतिक और रासायनिक कार्य वाले तारामण्डल पर आधारित कोई भी दुर्घटना कावाँनिक व्यक्ति की वृद्धि को नहीं बदला सकती। यह वृद्धि भौतिक और रासायनिक कारकों के संरूप की किसी भी प्राक्कल्पना द्वारा नहीं समझायी जाती है । जीवन शक्ति का वर्गसाँ का आधनियम है, यह सत्ता की मौलिक वास्तविकता विकास का स्रोत और आधार एक प्राण-मूलक आवेग या सृजनात्मक आधार, उकसाया हुआ व्याप्त द्रव्य उसके जड़त्व और प्रतिरोध को दूर करते हुए स्वयं विकास और उनके निर्देशन को निश्चित करने वाला है । वहनिरन्तर परिवर्तनशील और विस्तारित होने वाली स्वतंत्र क्रिया स्वयं ही जीवन है । आरंभ के चेतन प्राणी या प्रोटोप्लाज्म के छोटे द्रव्यों में अत्यधिक आन्तरिक प्रेरणा थी जिसके द्वारा उन्हें जीवन के उच्चतम रूप पर ले जाना था । इस प्रकार जीवन का विकासशक्त सृजन है जो आदिगति के कारणचलता रहता है ।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के जीव विज्ञानविद विलियम मार्टन व्हीलर यह सोचते हैं कि संगठनों का कार्य जीवांगो का है और वह अतिरिक्त विशिष्ट और बाह्य कालिक "अन्तस्तत्त्व" या व्यवस्थापक कारकों जीवन शक्ति या किसी तत्त्व मीमांसा द्वारा निर्देशक नहीं है । व्यवस्थापक अभिकरण या अभिवृत्ति अन्तर्निहित है- इन्द्रियातीत नहीं है । व्हीलर स्वयं उन्मज्जन-वाद केप्रचण्ड पोषक हैं और यह मत रुचिकर है कि किसी भी इन्द्रियातीत अभिकरण की पूर्वकल्पना करना आवश्यक नहीं है किन्तु एकात्मक ग्रन्थि

---

2. The Science of Philosophy of Organism- Hans Driesch.

के अंगो की वृत्ति अपने को व्यवस्थित करने की क्यो है ।

2- व्हीलर का यह विश्वास है कि वे प्रकृति से सामाजिक हैं उनकी सतत वृत्ति अपने को और अधिक जटिल उद्गत सम्पूर्ण में व्यवस्थिति करने की होती है । ताकि संगति को उन्मज्जन की एक मूल अवस्था माना जा सके । ऐसा लगता है कि व्हीलर सामाजिक संवेग को न केवल जीव कोषी पर बल्कि इलेक्ट्रान और प्रोटान पर भी आरोपित करते हैं जो अपने को परमाणु पर संगठित करते हैं और उन परमाणुओं पर भी जो अपने को अणुओं में संगठित करते हैं ।

जीवन कम से कम संरचना विकास अकार्बनिक घटनाओ की विशेष व्यवस्था नहीं है । इसलिए जीव विज्ञान व्यावहारिक भौतिक या रसायन नहीं है। जीवन कुछ पृथक् चीज है और जीवन विज्ञान एक स्वतंत्र विज्ञान है ।

ड्रीश आगे यह विश्वास करते हैं कि जीवन का कारण कोई अपदार्थ कारक विद्यमान होना है जिसमें वे इंटेलकों का अन्तः अस्तित्व और कभी आत्मकल्प को नाम देते हैं । इस शब्दावली का प्रथम शब्द अरस्तू से लिया गया है, जिनका अर्थ है पूर्णक नियम और दूसरा शब्द लेबक के इस विश्वास की ओर संकेत करता है कि "प्राण नियम" अपने स्वभाव में मानसिक है जबकि कई जीव विज्ञानविद् हैं उनमें बहुसंख्यक प्राण नियम के पुनरुत्थान के रहस्यवाद की पुनरुत्पत्ति मानते हैं फिर भी जीव विज्ञानविदों, प्राण विज्ञानियो और जीवाश्म - विज्ञानियो ने लगभग पूरी तौर से नव्य प्राणतत्त्ववाद की स्थिति अपना ली है ।

बहुत हद तक नव्य प्राण तत्त्ववाद ड्रीश और उनके मतावलम्बियों से कुछ भिन्न रूप ग्रहण करता है । प्राण तत्त्ववाद शब्द जैसा कि, वह लोगो को जरूर रहस्यवादी सिद्धान्त होने का आभास देता है, टाल दिया गया है किन्तु एक - आरंभिक विज्ञान या अकार्बनिक द्रव्य में निहित आवेश भी ऐसी अनिवार्यता जो कार्बनिक विकास की अग्रगामी गति को बतलायेगी । जीव विज्ञानविदों की

बढ़ती हुई संख्या द्वारा मानी जाती है ।

कभी कभी यह कार्बनिक जीवन की परिधि में इच्छा शक्ति के प्रयोग संबंधी नियम का भी रूप ले लेता है । उदाहरणार्थ डर्विन का "अस्तित्व के लिए संघर्ष" नेगली पूर्णता को उन्मुख आन्तरिक कारक या गेडिस या टामसन का बनीड़ शा ने वर्णन किया है ।[1] प्रत्येक जीवित वस्तु में जड़ित्व से घिरा हुआ द्रव्य के नियमों का पालन करने वाला मानसिकता का एक केन्द्र होता है। मानसिकता को यदि हम निम्न स्तर पर स्मृति या संघर्ष करना भी बतलायें तो भी उसकी उत्पत्ति के रहस्य में कोई अन्तर नहीं आता वह विश्वास करते हैं कि सभी जीवित द्रव्य कुछ ऐसे गुणों से युक्त होते हैं जो कि विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष तथा अपनी उन्नति का नियंत्रण करने में समर्थ होते हैं ।[2]

घ- पूर्व तथा पश्चिम में अध्यात्म केन्द्रो की स्थापना-

हमारा देश अध्यात्म विद्या का सदैव से प्रमुख केन्द्र रहा है । जब हम अपने देश के अतीत पर दृष्टि डालते हैं तो सहज में ही तत्कालीन आध्यात्मिक संस्कृति हमारे मस्तिष्क में प्रतिबिम्बित होने लगती है । हमारे लिए यह अत्यधिक गौरव की बात है कि जब दूसरे देश के लोग संस्कृति और सभ्यता के नाम पर बिल्कुल शून्य की स्थिति में थे उस समय हम अध्यात्म मार्ग के द्वारा संस्कृति के चरमोत्कर्ष को प्राप्त कर चुके थे । विश्व वांडमय में प्राचीनतम स्थान रखने वाले वेद भारतीय संस्कृति एवं तत्कालीन आध्यात्मिक धारा को सहज में प्रस्तुत करते हुए दृष्टिगोचर हो रहे हैं । वैदिक वाङमय में जो आध्यात्मिक धारा प्रवाहित हुई है वह आज भी अक्षुण्ण रूप में प्रवाहित होती चली

1- Henry Bergson - Creative Evelution - Page No. 76.

2- William Morton Wheeler - Emergent Evolution And The Development of Societies - Page No. 39.

जा रही है । भले ही आज की मानव जाति अनेक क्षेत्रों में उस धारा का अविकल व्यावहारिक रूप में आश्रय ले रही हो या उस पर न चल रही हो तथापि सिद्धान्त रूप में उसके प्रति भी सभी की आस्था दृष्टिगोचर हो रही है । परवर्ती जितने भी धर्म सम्प्रदाय और धार्मिक नेता हुए हैं उन सबने किसी न किसी रूप में उन्हीं सिद्धान्तों का आश्रय लिया है जो कि वैदिक वाङ्मय में प्रायः निरूपित हुए हैं । वैदिक वाङ्मय में जहाँ हम भौतिक पक्ष भी देखते हैं, प्रधानता आध्यात्मिक पक्ष की ही है । जिस प्रकार आज पाश्चात्य देश भौतिक पक्ष को लेकर के जीवन को सुन्दरतम बनाने के लिए प्रयत्नशील हैं और तदनुकूल प्रयत्नों में संलग्न हैं । उसी प्रकार वैदिक काल में यहाँ के लोग भौतिक पक्ष की उपेक्षा कर अध्यात्म पक्ष की ओर अग्रसर हो रहे हैं और उन्होंने अध्यात्म पक्ष के गंभीर से गंभीर पक्षों का अध्ययन अनुशीलन एवं अनुसंधान किया और उसकी सूक्ष्मातिसूक्ष्म अन्तर्दशा को प्राप्त कर उससे महत्वपूर्ण तथ्य खोज निकाले । वैदिक वाङ्मय के अनुशीलन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि उस समय मानव जाति ने प्रायः सभी महत्वपूर्ण तथ्यों पर अनुसंधान कर लिया था और उसी प्रकार की सूक्ष्मधारा भी प्राप्त कर ली थी तथापि उनके तत्वचिन्तन का केन्द्र बिन्दु अध्यात्म ही रहा ।

परवर्ती वाङ्मय में उस अध्यात्म विद्या का निसर्ग रूप में विकास एवं प्रसार हुआ ।

परवर्ती भारतीय मनीषियों ने वैदिक वाङ्मय में प्रतिष्ठित अध्यात्म विद्या का महत्व हृदयंगम किया और अपने ग्रन्थों में उसकी विधिवत मीमांसा की ।

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण आध्यात्मिक विद्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट करते हैं --" अध्यात्म विद्या विद्यानाम्" अध्यात्म विद्या के प्रति इसी [illegible] निष्ठा ने भारतीय तत्व चिन्तकों को विशेष रूप से

प्रभावित किया और उन्होंने अपने तत्त्व चिन्तन को मौलिक रूप प्रदान किया जिसके फलस्वरूप दर्शन विद्या का आविर्भाव हुआ, इसमें न्याय, वैशेषिक, सांख्ययोग वेदान्त एवं मीमांसा आदि छः प्रमुख एवं महत्वपूर्ण हैं।

पुरातन भारतीय अध्यात्म विद्या के केन्द्र ऋषि महर्षियों के तपःपूत आश्रम हुआ करते थे। भारतीय ऋषिजन नगरीय कोलाहल एवं अशान्ति से सुदूर स्थित इन्हीं प्रशान्त एवं निरूपद्रव स्थानों में स्थित होकर अध्यात्म तत्त्व के चिंतन में सम्प्रवृत्त होते थे। इन्हीं आश्रमों में गंभीर समाधि का समाश्रय लेकर यम, नियम, प्राणयाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के द्वारा ऋषिजन कठोर साधना करते हुए परब्रह्म के परमतत्त्व ओंकार का चिन्तन करते थे। यहीं पर वे चिंतन संतोष, तप/ स्वाध्याय और ईश्वर प्राणिधान के द्वारा ज्ञान के दिव्य आलोक के द्वारा आत्म तत्त्व के साक्षात्कार में संलग्न होते थे। इन आश्रमों की इन्हीं विशेषताओं से प्रभावित होकर भारतीय ही संस्कृति में आश्रम व्यवस्था का विकास हुआ था। मानव जीवन के सर्वांगमय विकास के लिए भारतीय तत्त्व चिन्तकों नें जिन चार आश्रमों की स्थापना की थी, उनमें से गृहस्थ को छोड़कर शेष ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और सन्यास की स्थित इन्हीं पवित्र आश्रमों में हुआ करती थी। उस समय यह भी एक विशेष ध्यान देने की बात थी कि जो गृहस्थ आश्रम नगर एवं ग्राम से संबंधित था, उसका भी नियंत्रण इन्हीं आश्रमों के द्वारा होता था। तत्कालीन राजाओं के गुरुजन इन्हीं आश्रमों में निवास करते थे और वे निष्काम भाव से राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने शिष्य राजाओं को अध्यात्म के द्वारा श्रेष्ठमार्ग पर चलाते थे। अतीत के पृष्ठों को पलटने पर

1-देखे कादम्बरी-वाणभट्ट- जाबाल्याश्रम वर्णन

हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि उस समय ये आश्रम भी मानव जाति के समग्र विकास के संसाधन बन गये थे । यहाँ तक कि जो श्रेष्ठ महापुरुष या महाराज हुए थे उनकी सम्यक् शिक्षा दीक्षा और उनके श्रेष्ठ संस्कारों का आधान इन्हीं आश्रमों का प्रसाद रहा था । उदाहरणार्थ - भरत, राम, लक्ष्मण, लव कुश तत्कालीन राजकुमारों के विकास के आधार पर ये अध्यात्मिक केन्द्र ही रहे थे । पुरातन भारत में तो विद्याभ्यास के लिए इन आध्यात्मिक आश्रमों में प्रविष्ट होना प्रायः सभी के लिए अनिवार्य सा ही था । इन आश्रमों की कुछ ऐसी असाधारण विशेषता थी कि इनमें उपस्थिति मात्र से कोई परमशान्ति एवं आनंद की अनुभूति कर सकता था[1] । महाकवि बाणभट्ट ने जिस जाबालाश्रम की कल्पना की है वह इसी आध्यात्मिक दृष्टि से ओत प्रोत है । क्या ही विचित्र एवं अद्भुत दृष्टि है । सिंह और हरिण बिना किसी भेदभाव के सहचर को प्राप्त हो रहे हैं । जब पशु पक्षी वहाँ वैरभाव को छोड़कर विचर रहे हैं तो ज्ञानी मनुष्य का तो कहना ही क्या ? भारतीय तत्वचिन्तकों ने इन आश्रमों के महत्व को विधिवत समझा था और उनकी स्थापना व समृद्धि के लिए उन्होंने एक निश्चित दृष्टि अपनाई थी । ये पुरातन आश्रम ही शनैः शनैः प्रत्यात्त आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित हुए । क्या ही विचित्र वैभव था, राजकुमार भरत - अयोध्या निवासियों के साथ भारद्वाज के आश्रम में पहुँचते हैं तो वह अपनी अलौकिक शक्ति द्वारा सभी का विधिवत् आतिथ्य करते हैं । एक नहीं ऐसे अनेक महत्वपूर्ण निदर्शन प्रस्तुत किये हैं । हमारे अध्यात्मिक केन्द्र पवित्र आश्रमों ने । क्या ही आनन्दमयी एवं शान्तिप्रद स्थिति रही है इन आश्रमों की । आज भी इन आश्रमो की शान्ति एवं आनन्दप्रद झलक मथुरा, अयोध्या, हरिद्वार ऋषिकेष, बद्रीनाथ, केदारनाथ, वाराणसी, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम् आदि तीर्थ स्थानो में देखा जा सकता है ।

पुरातन आश्रमों की संस्कृति एवं आनन्दोपेत व्यवस्था को देखकर ही भारत में अनेक स्थानों पर अध्यात्म केन्द्रों की स्थापना की गई ।

1-देखें कादम्बरी-बाणभट्ट, जाबालाश्रम वर्णन

कतिपय प्रमुख अध्यात्म केन्द्रों को यहाँ प्रस्तुत कर रहे हैं।
पूर्व प्रदेशों में प्रमुख आध्यात्म केन्द्र इस प्रकार हैं-

1- राजयोग साधना आश्रम, अलामुरु, ईस्ट गोदावरी, आन्ध्र प्रदेश।	Rajyoga Sadhna Ashram Alemuru, East Godavari Andhra Pradesh.
2- वैदिक साइंस सिसर्च ब्यूरो, 9/53, बाजामा गढ़ी आन्ध्र प्रदेश	Vedic Science Research Bureau 9/53, Bojamagarhi, Andhra Pradesh.
3- योग आश्रम सम्पन्न नगर, गुन्टूर, आन्ध्र प्रदेश।	Yoga Ashram Sampanna Nagar, Guntur, Andhra Pradesh.
4- श्री शान्ती आश्रम, पोस्ट आफिस, शान्ती आश्रम, ईस्ट गोदावरी, आन्ध्र प्रदेश।	Shri Shanti Ashram, P.O. Shanti Ashram, East Godavari, Andhra Pradesh.
5- श्री रामनाम क्षेत्रम, गुन्टूर, आन्ध्र प्रदेश।	Shri Ramnam Kshetram, Guntur, Andhra Pradesh.
6- रामकृष्ण धर्मचक्र, 211 ए, गिरीश घोष रोड, बेलूर मठ, हावड़ा (बंगाल)	Ramkrishna Dharm Chakra, 211-A, Girish Ghosh Road, Belur Muth, Howrah (Bengal).

7- रामकृष्ण वेदान्त मठ, 19, बी, राजकृष्ण स्ट्रीट, कलकत्ता (बंगाल)	Ramkrishna Vedanta Muth, 19-B, Raj Krishna Street, Calcutta (Bengal).
8- विश्वायतन योग आश्रम, 9/1 इब्राहीम रोड, क्षितिरपुर, कलकत्ता (बंगाल)	Vishvayatan Yoga Ashram, 9/1, Ibrahim Road, Kshittirpur, Calcutta (Bengal).
9- योगोदा आश्रम, 87, आकाशी मुखर्जी रोड, कलकत्ता (बंगाल)	Yogoda Ashram, 87, Akashi Mukherjee Road, Calcutta (Bengal).
10- साइन्टिफिक रिसर्च इन्स्टीट्यूट, आइमपुरा वेस्ट गोदावरी, आन्ध्र प्रदेश ।	Scientific Research Institute, Alampura West-Godavari, Andhra Pradesh.
11- आल्मीकी आश्रम, थम्बर, चित्तूर, आन्ध्र प्रदेश.	Balmiki Ashram, Thumbur Chittoor, Andhra Pradesh.
12- विवेकानन्द मिशन, 10, रामकिशन लेन, बाग बाजार, कलकत्ता (बंगाल)	Vivekanand Mission, 10, Ramkrishna Lane, Bagh Bazar, Calcutta (Bengal).
13- वर्ल्ड साधक सोसाइटी, जलपाईगुडी, बंगाल.	World Sadhak Society, Jalpaiguri, Bengal.
14- एडीटर ट्रूथ, 91, चौरंगी रोड, कलकत्ता, (बंगाल)	Editor Truth, 91, Chaurangi Road, Calcutta (Bengal).

15- सेल्फ रिलाइजेशन फेलोशिप, आकाशी मुखर्जी रोड, कलकत्ता ।	Self Realization Fellowship, Akashi Mukherjee Road, Calcutta.
16- संस्कृत विद्यापीठ, सुल्तानगंज, पटना ।बिहार।	Sanskrit Vidyapeeth, Sultanganj, Patna (Bihar).
17- चतुर्भुज आश्रम, मुजफ्फरपुर, बिहार.	Chaturbhuji Ashram, Muzefferpur, Bihar.
18- महन्त सुखदेव गिरि, सिलहोरी, मुजफ्फरपुर ।बिहार।	Mahant Sukhdeo Giri, Silhori, Muzarrarpur (Bihar).
19- भारतीय योग संस्थान, नारायण आश्रम, पटना ।बिहार।	Bhartiya Yoga Sansthan, Narayan Ashram, Patna (Bihar).
20- स्वामी नारायणदास, नीलकण्ठ महादेव, दरियापुर अहमदाबाद, गुजरात ।	Swami Narayan Das, Neelkanth Mahadev, Dariyapur, Ahemdabad Gujarat.
21- श्री कायावरोहण सेवा समाज, बल्लभ विद्यानगर, जिला खेरा ।गुजरात।	Shri Kayaverohan Seva Samaj, Ballabh Vidyanagar, Distt. Khera (Gujarat).
22- वेंकटेश मन्दिर, अंकपात द्वार, उज्जैन ।म0प्र।	Venktesh Mandir, Ankpat Dwar, Ujjain (M.P.).

23- आनन्द आश्रम, देशमख त्रिचूर, केरला ।	Gyananand Ashram, Desh Magh, Trichur Kerala.
24- तीर्थपादपुरम्, कोट्टयान्, केरल.	Tirthpadapuram, Kottayam, Kerala.
25- माताजी योगिनी आश्रम, पेरानपुर त्रिचूर, केरला.	Mataji Yogini Ashram, Perapur, Trichur, Kerala.
26- नित्यानन्द आश्रम, कनड़गढ़ केरला.	Nityanand Ashram, Kanhargad, Kerala.
27- सच्चिदानन्द आश्रम, कनकपुर, बंगलौर (मैसूर)	Satchidanand Ashram, Kanakpur, Banglore (Mysore).
28- जीवेश्वर गुरुकुलम्, नीरविल, पेरीनड (केरला)	Jeeveshwara Gurukulum, Nirvil, Perinad Kerala.
29- रेवतेश्वर धर्मालय, जूनागढ सौराष्ट्र, (गुजरात)	Ravteshwar Dharmalaya, Junagarh, Saurashtra Gujarat.
30- स्वामी नारायण मंदिर, मणिनगर, अहमदाबाद (गुजरात)	Swami Narayan Mandir, Mani Nagar, Ahemedabad (Gujarat).

31- श्रीराम मन्दिर, कनकेरिया रोड, अहमदाबाद।गुजरात।	Shri Ram Mandir, Kankaria Road, Ahmedabad (Gujarat).
32- बिहार स्कूल आफ योग, बिहार.	Bihar School of Yoga, Bihar.
33- सन्यास आश्रम, अहमदाबाद।गुजरात।	Sanyas Ashram, Ahmedabad (Gujarat).
34- भारतीययोग संस्थान, नारायण आश्रम, पटना.	Bhartiya Yoga Sansthan, Narayan Ashram, Patna.
35- रामकृष्ण मिशन, गोलपार्क, कलकत्ता.	Ramkrishna Mission, Gol Park, Calcutta.
36- स्वामीनारायणदास, दरियापुर, अहमदाबाद।गुजरात।	Swami Narayan Das, Neelkanth Mahadev, Dariyapur, Ahmedabad (Gujarat).
37- स्वामी मनुवर्य, प्रीतम नगर, अहमदाबाद.	Swami Manuverya, Pritam Nagar, Ahmedabad.
38- आनन्द भवन, आनन्द रोड, जामनगर स्वराष्ट्र, गुजरात.	Anand Bhawan, Anand Road, Jamnagar, Saurashtra, Gujarat.
